नवीन जिला के एक मात्र नगरीय... पृष्ठ 2 | खनिज क्षेत्र में पारदर्शिता... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


बुधवार, 19 मार्च 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 152, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## पीएम मोदी से मिले सीएम साय : बस्तर के विकास का रोडमैप सौंपा, कई विषयों पर की अहम चर्चा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिल्ली में नरेंद्र पीएम मोदी से मुलाकात कर बस्तर के विकास का रोडमैप सौंपा। इस दौरान प्रदेश के कई विषयों पर चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का दिल्ली दौरे पर हैं। इसी बीच उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाक़ात की। इस दौरान सीएम साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राज्य के विकास संबंधी विस्तृत चर्चा की। साथ ही बस्तर के विकास का रोडमैप सौंप कर प्रधानमंत्री के 30 मार्च को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ दौरे की रूपरेखा भी साझा की। दिल्ली दौरे के दौरान सीएम विष्णुदेव साय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने संसद भवन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बस्तर विकास के मास्टर प्लान का खाका समक्ष प्रस्तुत किया। जिसमें नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को बुनियादी सुविधाओं, उद्योगों और पर्यटन के नए केंद्र के रूप में विकसित करने की रूपरेखा शामिल थी। प्रधानमंत्री ने इस योजना पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए राज्य सरकार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री को बताया कि, छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। सुरक्षा बलों की संगठित रणनीति एवं जनभागीदारी के चलते नक्सल प्रभावित इलाकों में तेजी से बदलाव आ रहा है। पुलिस और केंद्रीय बलों के संयुक्त प्रयासों से कई नक्सल गढ़ों में विकास की किरण पहुंची है, जिससे जनता का विश्वास सरकार की योजनाओं में और मजबूत हुआ है। आगे सीएम साय ने कहा- सरकार का अब पूरा ध्यान बस्तर को नए औद्योगिक और आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करने पर है, जिससे युवाओं को रोजगार और आदिवासी समुदायों को बेहतर जीवन स्तर मिल सके। मुख्यमंत्री साय ने राज्य की नई औद्योगिक नीति और निवेशकों की बढ़ती रुचि पर भी विस्तृत चर्चा की। सीएम ने बताया कि, निवेश को आसान बनाने के लिए सरकार ने सिंगल विंडो क्लीयरेंस, टैक्स छूट और अनुकूल नीतियों को लागू किया है, जिससे बड़ी कंपनियां छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आकर्षित हो रही हैं। वहीं महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि, स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को मजबूत किया जा रहा है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। सीएम साय ने पीएम मोदी को बताया कि, बस्तर के महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से हजारों महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

लघु वनोपज, जैविक कृषि, हथकरघा, बांस उद्योग और हस्तशिल्प को प्रोत्साहित कर महिलाओं को न केवल आजीविका के साधन मिल रहे हैं। बल्कि वे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बना रही हैं। इसके अलावा, स्टार्टअप्स और छोटे उद्योगों के माध्यम से बस्तर की महिलाओं को उत्पादन और विपणन से जोड़ने की पहल की जा रही है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मार्च को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ दौरे की रूपरेखा साझा की। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री राज्य में विभिन्न महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की और प्रधानमंत्री को छत्तीसगढ़ में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। वहीं मंगलवार को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुलाकात की।

## बदलेंगे कलेक्टर-एसपी : छत्तीसगढ़ में जल्द होगा प्रशासनिक फेरबदल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक फेरबदल जल्द होने की संभावना है। विधानसभा का बजट सत्र समाप्त होने के बाद किसी भी दिन राज्य के कई जिलों के कलेक्टर और एसपी बदले जा सकते हैं छत्तीसगढ़ की नौकरशाही में एक बडा प्रशासनिक फेरबदल जल्द होने की संभावना है। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें, तो विधानसभा का बजट सत्र 21 मार्च को समाप्त होने के बाद किसी भी दिन राज्य के कई जिलों के कलेक्टर और एसपी बदले जा सकते हैं। इसके साथ ही मंत्रालय में पदस्थ सचिव स्तर के अधिकारियों के विभागों में फेरबदल संभावित है।छत्तीसगढ़ में होने वाले प्रशासनिक फेरबदल में इस बार सरकार का फोकस जिलों में प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों क पदस्थापना में बदलाव किया जाना है। सूत्रों के मुताबिक, विधानसभा का बजट सत्र पूरा होने के साथ ही हाल ही में राज्य में नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव हो चुके हैं। अब आने वाले लंबे समय तक राज्य में कोई बड़ा चुनाव नहीं होना है। इसके साथ ही सरकार अब जिलों में व्यवस्था को मजबूत करने के इरादे के साथ बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है। खास बात ये है कि नगरीय निकायों के चुनावों में राज्य की सत्ताधारी भाजपा प्रदेश के दस निगमों में जीत हासिल कर चुकी है। इसके साथ है मैरदलीय आधार पर हुए पंचायतों के चुनाव में भी भाजपा को बड़ी सफलता मिली है। राज्य के अधिकांश जिला पंचायतों और जनपद में भी भाजपा समर्थितों का दबदबा बना हुआ है। इन चुनाव से पहले सरकार जिलों में कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों के प्रदर्शन पर भी नजर बनाए हुए थी। अब ये चुनाव समाप्त होने के बाद कलेक्टर एसपी के प्रदर्शन का आकलन भी सरकार कर रही है।

**नए साल में तीन फेरबदल हुए** – राज्य सरकार ने वर्ष 2025 में जनवरी से लेकर मार्च तक प्रशासनिक अधिकारियों की पदस्थापनाओं में आंशिक फेरबदल किया है। इस दौरान 7 आईएएस, 11 आईपीएस, राज्य प्रशासनिक सेवा के 60 अधिकारियों के साथ ही कुछ आईएफएस अधिकारियों के तबादले किए थे। लेकिन इसके बाद भी सरकार बड़े स्तर पर प्रशासनिक सर्जरी नहीं कर पाई थी। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो अब सरकार के पास इस बात के लिए र्प्यास अवसर है कि वह जिलों की प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव करे।

## कलेक्टर ने गंभीरतापूर्वक जनसामान्य की सुनी शिकायत एवं समस्याएं

### जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश



**राजनांदगांव ( नांदगाव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, नक्शा बटांकन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने, आधार कार्ड में अपडेशन, सड़क दुर्घटना से मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने, अतिक्रमण हटाने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से सांसद संतोष पांडे ने संसदीय क्षेत्र व छत्तीसगढ राज्य हेतु महत्वपूर्ण नए रेल डोंगरगढ़ - कटघोरा मार्ग के संबंध मे सदन मे रखी मांग



**राजनांदगांव ( नांदगाव टाइम्स )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल मार्ग पर स्थित मेरे संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव में वर्ष 2018 से स्वीकृति प्राप्त किंतु कार्य अप्रारंभ रेल मार्ग डोंगरगढ़ से कवर्धा से मुंगेली होते हुए कटघोरा बनाई जाएगी जो मुबंई-हावडा मुख्य रेल मार्ग हेतु अत्यंत उपयोगी है।

पीपीपी मॉडल से तैयार होने वाले उक्त रेल मार्ग के निर्माण हेतु रेल मंत्रालय व छत्तीसगढ़ रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के साझा सहयोग से रेल लाईन का निर्माण किया जाएगा जिसमे महाजेनको की 26 प्रतिशत की साझेदारी व ए.सी. बी. इंडिया लिमिटेड 26 प्रतिशत की साझेदारी रहेगी । पूर्ववती कांग्रेस सरकार द्वारा उक्त रेल मार्ग मे एलाइनमेंट के एक भाग मे परिवर्तन का प्रस्ताव मान. रेल मंत्री जी को दिया गया था, जिसे अस्वीकार कर दिया गया है। महोदय जी अवगत कराना चाहूंगा कि भू-अर्जन एवं कार्य आरंभ करने हेतु पुनरीक्षित लागत 6947 करोड़ सहित व छ0ग0 शासन के अनुमोदन उपरांत दक्षिण पूर्व मध्य रेल द्वारा रेल्वे बोर्ड दिल्ली को अनुमोदन हेतु प्रेषित कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ की सरकार द्वारा राज्य के बजट में उक्त रेल मार्ग निर्माण हेतु 300 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। छत्तीसगढ़ रेल कारपोरेशन लिमिटेड से प्राप्त जानकारी अनुसार ए.सी.बी. इंडिया लिमिटेड 26 प्रतिशत की साझेदारी देने मे अपनी असमर्थता अभिव्यक्त किया है। छ0ग0 राज्य में एस.ई.सी.एल. द्वारा कोयले का दोहन व खनन कार्य किया जा रहा है. एस.ई.सी.एल. को इक्विटी निवेश हेतु निर्देशित किया जा सकता है।उसी प्रकार से महाजेनको ने भी अपनी असमर्थता अभिव्यक्त किया है। जबकि महाजेनको को छ0ग0 राज्य मे त्रक्क ढ्ढ्ढ टाइप कोल ब्लॉक आबंटित है। उन्हे भी इक्विटी निवेश हेतु निर्देशित किया जा सकता है। मेरा आग्रह है कि उक्त नए रेल मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्ताव रेल्वे बोर्ड के समक्ष भेजा जा चुका है। एस.ई.सी.एल और महाजेनको को उनकी साझेदारी निवेश करने हेतु निदेर्शित कर नए रेल लाईन के निर्माण हेतु कार्य को गति प्रदान करे।

## मुख्यमंत्री से सांसद संतोष पांडे ने विभिन्न विषयों पर की चर्चा

**राजनांदगांव ( नांदगाव टाइम्स )।** आज संसद भवन में माननीय



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के दिल्ली प्रवास के दौरान सभी भाजपा सांसदों ने मुख्यमंत्री जी से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री जी के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र माननीय श्री संतोष पांडे जी, भोजराज नाग जी,श्रीमती रूप कुमारी चौधरी आदि सांसद मौजूद रहे।

## प्राथमिक शाला केसला के बच्चों को न्यौता भोज में इडली सांभर दिया गया

**डोंगरगांव ( नांदगाव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत केसला के वार्ड क्रमांक 11 तथा 12 के नवनिर्वाचित पंचों में अंजनी साहू तथा नमिता साहू द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला केसला के बच्चों को न्यौता भोज में इडली सांभर दिया गया। शाला के शिक्षकों के द्वारा दोनों पंचों को गुलाल लगाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दिया गया। प्रधानपाठक स्वाति गंधर्व के द्वारा न्यौता भोज हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक मधु साहू,रूमलाल वर्मा तथा रसोइया रामेश्वरी साहू,चुनिया साहू उपस्थित थे।



## भारतीय मजदूर संघ ने आज जिलाधीश कार्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा



**राजनांदगांव ( नांदगाव टाइम्स )।** भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं ने आज अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार जिलाधीश कार्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा, इस दौरान बड़ी संख्या में भामसं के कार्यकर्ता संगठन का झण्डा लेकर उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि भारतीय मजदूर संघ की 158वीं अखिल भारतीय कार्यसमिति की बैठक जो 11 व 12 फरवरी को गुवाहाटी-असम में पारित प्रस्ताव के संदर्भ में आज देशभर के सभी जिला केन्द्रों में भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता छह सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर जिलाधीश के माध्यम से भारत सरकार के वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के नाम पर मांग पत्र भेजा द्य भामसं के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने एक प्रेस बयान में उक्ताशय की जानकारी देते हुये बताया कि प्रदर्शन के पूर्व उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये संगठन के विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा ने कहा कि देश की सरकार द्वारा 1 फरवरी 2025 को प्रस्तुत बजट अनेक दृष्टि से देश के लिये फायदेमंद है किन्तु असंगठित क्षेत्र मजदूर, स्कीम वर्कर व ईपीएस 95 के 75 लाख से अधिक पेंशनरों को कोई राहत नहीं दी गई, जिससे इस वर्ग के श्रमिकों में घोर निराशा है। श्री मिश्रा ने कहा कि महंगाई के इस युग में ईपीएस 95 के पेंशन धारकों को आज भी एक हजार रूपये मासिक पेंशन दिया जा रहा है, इसके अलावा स्कीम वर्कर, आंगनबाड़ी-मितानिन, मिड-डे-मिल के मजदूरों की भी भारी उपेक्षा हो रही है। आज प्रदर्शन के माध्यम से भारतीय मजदूर संघ केन्द्र सरकार से यह मांग करती है कि औद्योगिक न्यूनतम पेंशन पॉच हजार रूपये तत्काल किया जाये, अंतिम तौर पर वेतन का 50 प्रतिशत + महंगाई राहत पेंशन का भुगतान किया जाये। इसी तरह ईपीएफ की वेतन सीमा 15 हजार रूपये से बढ़ाकर 30 हजार रूपये और ईएसआईसी की वेतन सीमा 21 हजार रूपये से बढ़ाकर 42 हजार रूपये की जाये, इसके आलावा सार्वजनिक संपत्ति की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाये, बीमा/वित्तीय क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश पर रोक लगाई जाये, स्कीम वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं, मितानिनों व मध्यान्ह भोजन रसोईयों को सरकारी कर्मचारियों के समान वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा दी जाये, इसके आलावा असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत् हमाल-रेजाओं सहित अन्य वर्ग के सामाजिक सुरक्षा के लिये पर्याप्त धन राशि उपलब्ध कराई जाये।

## मैथिल क्षत्रिय समाज का होली मिलन समारोह संपन्न



**राजनांदगांव ( नांदगाव टाइम्स )।** शहर के मैथिल क्षत्रिय केंद्रीय भवन में बीते 16 मार्च को मैथिल क्षत्रिय समाज ने अपने वार्षिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन में राजनांदगांव क्षेत्र के उपाध्यक्ष यशवंत सेंगर की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम को समाज के सक्रिय सदस्यों ने आपसी सौहार्द और एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें युवा, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक शामिल थे। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक गीतों और नृत्यों का आनंद लिया। इस सफल आयोजन में समाज के सक्रिय सदस्यों का विशेष योगदान रहा, जिनमें अरुण सूर्यवंशी, राजेश तोमर, राकेश ठाकुर, शैलेन्द्र राजगढ़, शैलेश तोमर, गोलू ठाकुर, गोलू सूर्यवंशी, कनक नागवंशी, विकास नागवंशी, राजू नागवंशी, भार्गव गर्ग, आदरणीय मिलन सिंह, दुर्गेश तोमर, लजाय सूर्यवंशी, रमेश नागवंशी, रमेश गौतम, सुरेंद्र धर्मी, विजय सिंह, गजाधर ठाकुर और चंद्रकांत कौमार्य शामिल थे। इन सभी सदस्यों ने कार्यक्रम की व्यवस्था और संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैथिल क्षत्रिय समाज के महिला संगठन ने भी इस समारोह में भाग लिया।

## महावीर वार्ड में पिंक टॉयलेट : सुरक्षित और स्वच्छ भविष्य की ओर एक कदम



**राजनांदगांव।( नांदगाँव टाइम्स )** महावीर वार्ड क्रमांक 37 के हाटबाजार स्थित जर्जर सुलभ शौचालय का पुनर्निर्माण कर उसे पिंक टॉयलेट के रूप में विकसित किया गया है। यह पहल महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए बदलाव की ओर एक मजबूत कदम है।

**सुरक्षा और स्वच्छता को प्राथमिकता**- यह टॉयलेट सीसीटीवी कैमरों से लैस है, जिससे महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। नियमित सफाई और सैनिटाइजेशन की व्यवस्था भी की गई है ताकि यह टॉयलेट हमेशा स्वच्छ और उपयोग के लिए सुरक्षित बना रहे।

**सामाजिक बदलाव की दिशा में बड़ा कदम**- महिला सशक्तिकरण और स्वच्छता के क्षेत्र में यह पहल एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। पार्षद जैनम बैद ने बताया कि च्यह टॉयलेट केवल एक आधारभूत सुविधा नहीं, बल्कि महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा का प्रतीक है। आने वाले समय में इसी तरह अन्य स्थानों पर भी स्वच्छता और सुविधा बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।

**स्थानीय महिलाओं की प्रतिक्रियाएं**- महिला समूहों और स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना की है। एक स्थानीय महिला सुमित्रा देवी ने बताया, च्पहले हमें बाजार में स्वच्छ शौचालय की बड़ी समस्या थी। यह सुविधा हमारे लिए वरदान साबित होगी।

महावीर वार्ड में इस नई सुविधा के शुभारंभ के साथ ही स्वच्छता और महिलाओं की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया है। यह पहल निश्चित रूप से अन्य क्षेत्रों के लिए भी एक प्रेरणास्रोत बनेगी।

nandgaon times march-19-4.qxd 3/18/2025 11:56 PM Page 2



# नवीन जिला के एक मात्र नगरीय निकाय, नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों ने लिया शपथ

## निर्दलीय अध्यक्ष ने कहा की बदले के लिए नही बदलाव के लिए कार्य करेगे, दलगत राजनीति से उपर उठकर नगर विकास मेरी पहली प्राथमिकता



**अंबागढ़ चौकी ( नांदगाव टाइम्स )।** नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी के एक मात्र नगरीय निकाय नगर पंचायत अंबागढ चौकी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को नगर के बस स्टैन्ड में सम्पन्न हुआ। शपथ ग्रहण के लिए अलग तिथि व समय की मांग कर रहे कांग्रेस पार्षदों ने भी सोमवार को अंत में शपथ लिया।

नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम आने के एक महिना, दो दिनो बाद सोमवार को नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का सोमवार को शपथ ग्रहण सम्पन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की मांग पर नगर के सार्वजनिक मंच बस स्टैन्ड में दोपहर 12 से 2 बजे के मध्य सम्पन्न हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को प्राधिकृत अधिकारी एसडीएम मोहला डॉ. हेमेन्द्र भूआर्य ने बारी बारी से शपथ दिलाई। नगर पंचायत अध्यक्ष ने पार्शदो को पहले शपथ दिलाने का आग्रह किया जिसे प्राधिकृत अधिकारी ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद प्राधिकृत अधिकारी ने पांच पांच पार्शदो को समूह में शपथ दिलाई। अंत में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने शपथ लिया। अध्यक्ष सहित सभी पार्शदो ने हिंदी में शपथ लिया। केवल वार्ड 14 के पार्षद पवन गुप्ता ने संस्कृत में शपथ लिया। शपथ ग्रहण समारोह में एसडीएम डॉ हेमेन्द्र भूआर्य, नगर पंचायत की प्रशासक तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो , पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, छग प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री व जिला प्रभारी डॉ. आफ्ताब आलम, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेश डाकलिया, हेमू सोनी, जिला भाजपा व जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष मदन साहू, जिला भाजपा महामंत्री दिलीप वर्मा, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, गुलाब गोस्वामी, कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार ध्रुवे, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक वर्मा, सलीम तिगाला, रामेन्द्र तिवारी, नंदकिषोर कुंजाम, रामगोपाल शर्मा, राजकिशोर खंडेलवाल, राजू गुजराती, जिला पंचायत सदस्य षेशवरी धुर्वे, नोहरूराम रजक, जनपद अध्यक्ष पुनउराम फुलकौरे, उपाध्यक्ष शंकर तिवारी, जनपद सदस्य पवन तुलावी, खेमलाल साहू , शिवनारायण पटेल, दामोदर शर्मा, नारायण खंडेलवाल, दिलीप सिंगने, मीना मांझी, आशीष दुबे, आकाश दास, प्रकाश साहू सहित बडी संख्या में कांग्रेस भाजपा के पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के समर्थक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मुकेश शुक्ला व आभार ज्ञापन सीएमओ विजय पांडेय ने किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्शदो के शपथ लेने के बाद नगरीय निकाय की ओर से नगर पंचायत के सीएमओ विजय पांडेय ने स्वागत किया।

**नगर का विकास मेरी प्राथमिकता व संकल्प - अनिल मानिकपुरी**

शपथ लेने के बाद नगर पंचायत के नव निर्वाचितअध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगरवासियो व मतदाताओ व कार्यकर्ताओ का धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होने चुनाव लडने वाले अपने सभी विपक्षी साथियो व प्रशासन, पुलिस व निकाय के अधिकारी कर्मचारियो का धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी का आभार जताने के बाद नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की मेरी उनकी पहली प्राथमिकता नगर का सर्वागींण विकास है। इसके लिए वे दलगत राजनीति व विचारधाराओ से उपर उठकर कार्य करेगे। उन्होने कहा की वे बदला नही बदलाव के लिए कार्य करेगे। नगर अध्यक्ष ने सभी पार्षदों व सत्तापक्ष तथा विपक्ष के जनप्रतिनिधियो को भरोसा दिलाया की वे सभी को साथ लेकर कार्य करेगे। किसी के साथ दलगत राजनीति व पार्टी को लेकर कोई भेदभाव नही किया



जाएगा। नगर अध्यक्ष ने अपने उदबोधन में नगरवासियो को विश्वास दिलाया कि वे चुनाव में जारी किए गए अपने घोषणा पत्र व संकल्पो को पुरा करने के लिए पुरी ईमानदारी से कार्य करते हुए उनके विष्वास में खरा उतरने का प्रयास करेगे।

**अभी किसी दल में शामिल नही होगे नगर अध्यक्ष**

नगर पंचायत अंबागढ चौकी का प्रथम नागरिक बनने के बाद मीडिया कर्मियो के सवालो का जवाब देते हुए नगर अध्यक्ष ने उन अटकलो पर विराम लगा दिया की वे कांग्रेस में लौट रहे है और फिर से जिला कांग्रेस के मुखिया का कामकाज देखेगे। साथ ही नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने उन कयासो पर भी विराम लगाया की वे भाजपा में षामिल हो रहे है। उन्होने कहा की नगरवासियो ने उन्हे स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में आशीर्वाद दिया है। वे निर्दलीय है और वे किसी दल में शामिल नही होना चाहते है। नगर अध्यक्ष ने कहा की वे सत्ता पक्ष व विपक्ष सहित सभी नगरवासियो का सहयोग व मार्गदर्शन लेकर नगर विकास का कार्य करेंगे।

**गर्मी में लोगो को दोनो समय पानी पिलाना बडी चुनौती**

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की वे नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाना उनकी प्राथमिकता में सबसे पहले है। वे पीएम मोदी के स्वच्छ भारत मिषन व पीएम आवास व उज्जवला तथा महतारी वंदन योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाने के लिए ईमानदारी से कार्य करेगे। नगर अध्यक्ष ने कहा वर्तमान में गर्मी में जल संकट को देखते हुए नगरवासियो को दोनो समय पानी पिलाना कठिन चुनौती है लेकिन वे हर संभव प्रयास कर रहे है की नगरवासियो को दोनो समय शुद्ध पेयजल आपूर्ती प्राप्त हो। इसके अलावा लो वोल्टेज की समस्या दूर हो। नगर अध्यक्ष ने कहा की शपथ से पूर्व ही बिजली, पानी, स्वच्छता, प्रकाश, सौदंर्यीकरण की दिशा में उन्होने प्रयास शुरू कर दिया है और आने वाले कुछ महिनो बाद यह प्रयास काम के रूप में नजर आने लगेगा।

## पालक शिक्षक सम्मेलन

**छुईखदान ( नांदगाव टाइम्स )।** राष्ट्रीय साक्षरता मिशन जिला यष्ट्र उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 11 एवं12 मार्च



को शा,प्रा./मा. शाला सुखरी में ग्रामवासीयो,पालको ,स्रूष्ट सदस्यों तथा संकुल केंद्र बागुर के सभी शिक्षकों के सम्मेलन रखे गये। सम्मेलन की शुरुआत मां शारदे के तेल चित्र की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ। प्र.पाठक मारकंडे जी के सरस्वती वंदना के साथ समस्त नागरिकों, पालकों एवं शिक्षकों के स्वागत सत्कार के पश्चात श्रीमान महोबिया सर डाइट खैरागढ़ ने श्रेष्ठ पालकत्व एवं साक्षरता पर प्रकाश डाले। सीएसी राजपूत सर ने 5वी,8वी केंद्रीय कृत परीक्षा एव 23 मार्च2025 को महापरीक्षा अभियान के संबंध में चर्चा किया।शासन के महत्वाकांक्षी योजना उल्लास नवभारत साक्षरता के महत्व को समझाने हेतु श्री लखनलाल कौशल( प्र.पा.) एवं विद्यार्थियों के द्वारा साक्षरता नाटक प्रस्तुत किए गए। उत्साहपूर्वक विद्यार्थियों ने नृत्य एवं मनोरंजक गतिविधियां प्रस्तुत किये। प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं उपस्थित नवसाक्षरो को स सम्मान कॉपी,पेन भेंट किए गए। श्री लखनलाल कौशल ने साक्षरता गीत चलो ओ दीदी चलो गा भैया एवं साक्षरता नारा के द्वारा 23 मार्च को महा परीक्षा अभियान का जय घोष किया। अंत में श्री गणेशु बंजारे प्रभारी प्र.पाठक के द्वारा आभार प्रकट किया गया।

## कॉलोनी में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया होली का पर्व

**राजनांदगांव ( नांदगाव टाइम्स )।** संस्कारधानी राजनांदगांव मे



जहां उत्साह और उमंग के साथ रंग उत्सव का पर्व मनाया गया। वहीं दूसरी और कॉलोनियों में भी होलिका दहन के साथ लोग रंग उत्सव में डूबे रहे। विशेष रूप से जीर रोड स्थित नेहरू नगर कॉलोनी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी होली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। शुभ मुहूर्त पर रात्रि के 11:30 बजे होलिका दहन का कार्यक्रम विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। जहां पर सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान विशेष रूप से बच्चों की सुविधा के लिए मैदान में ही रंग गुलाल की व्यवस्था भी की गई थी। इस दौरान विशेष रूप से डॉक्टर कौमार्य, श्री जोशी जी,मदन थेर, श्री गायथने, देवेंद्र सिंह, भरत भूषण पांडे, श्री शर्मा जी एवं उनका परिवार, राहुल सिंह, मिलन साहू एवं परिवार,श्री श्रीवास्तव एवं परिवार, संदीप सिंहा एवं उनका परिवार, श्री महिपाल एवं उनका परिवार, भोजराज चंदेल, सुमित श्रीवास, श्रीनिवास राव, श्रीमती छाया श्रीवास्तव, श्रीमती सावित्री राव, श्रीमती रुक्मणी कौमार्य,रचना मेमन, श्रीमती सीमा श्रीवास, श्रीमती वंदना चंदेल, श्रीमती तिवारी,श्री मती देर एवं कालोनी के काफी संख्या में सभी बच्चे एवं बुजुर्ग उपस्थित थे।

**शुभांक**

**2-9-0**

**244-0 290-1**

**भाग्यांक**

**400-4 590-4**

## दो दिवसीय फाग एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन

**डोंगरगांव ( नांदगाव टाइम्स )।** डोंगरगांव विधानसभा स्थित ग्राम रुदगांव युवा ब्रदर्स फाग उत्सव समिति, बरसनटोला में राधा कृष्ण नवयुवक फाग उत्सव समिति एवं किरगी ब जय माँ शारदा सेवा एवं फाग मंडली द्वारा दो दिवसीय फाग एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य विभा साहू थीं। विभा साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण जनों को होली की बधाई देते हुए कहा कि गाँव में ऐसे आयोजन से दो दिन पूरा गाँव भक्ति में डूबा रहता है।होली का यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली के रंग में हम सब सराबोर हो कर प्रेम स्नेह और सौहाद्र को बांटते हैं। श्रीमती साहू ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की जिस आशा और विश्वास से आपने मुझे जन प्रतिनिधि चुना है मैं उसे कायम रखते हुए अंतिम व्यक्ति के विकास तक कार्य करने का प्रयास करूँगी। फाग प्रीतियोगिता में छत्तीसगढ़ के जिलों से लगभग 25 से 30



प्रतिभागी मंडलियों ने भाग लिया। विजेता मंडलियों को मुख्य पुरस्कार, श्रेष्ठ पुरस्कार वदन, गायन, अनुशासन एवं वेश भूषा आदि पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर युवा ब्रदर्स फाग उत्सव समिति रुदगांव के अध्यक्ष योगेश कुमार सोनकर , उपाध्यक्ष जीतेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र यादव, सचिव भूपेन्द्र सोनकर, सहसचिव दिनेश्वर सोनकर, संरक्षक छबिल सोनकर, सहसंरक्षक पवन सोनकर, मार्गदर्शक पुरषोत्तम सोनकर; राधा कृष्ण नवयुवक फाग उत्सव समिति बरसनटोला के अध्यक्ष चंद्रशेखर सोनकर, उपाध्यक्ष डिलेश निषाद, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सोनकर, उद्घोषक संदीप मेश्राम, सचिव भीखम साहू, सहसाचिव योगेंद्र सोनकर, संचालक गौरव नेताम, जय माँ शारदा सेवा एवं फाग मंडली द्वारा दो दिवसीय फाग एवं झांकी प्रतियोगिता का के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष पूनम पटेल, सचिव टीकम साहू, सह सचिव प्रकाश पटेल, द्वारिका गंजीर, सहित सैकड़ो ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## तिलोक बैद का निधन, बैकुंठी यात्रा निकली

**राजनांदगांव ( नांदगाव टाइम्स )।** राजनांदगाँव के प्रतिष्ठित धर्मनिष्ठ सुश्रावक हीरामोती लाईन निवासी तिलोक चंद बैद ( सुपुत्र :- स्व. श्री सूरजमल जी बैद )का देहपरिवर्तन आज दिनांक 18/3/25 को हो गया है। ये पीयूष और सौरभ के पिताजी थे तथा ज्ञानचंद,फूलचंद तथा कमलेश के बडे भाई थे। उनके निधन के समाचार से पूरे जैन समाज में शोक की लहर व्याप्त हो गई। वे श्वेतांबर जैन मूर्तिपूजक संघ के प्रतिष्ठित सदस्य थे और समाज की प्रत्येक गतिविधियों में सदैव आगे रहते थे। आज शाम 4 बजे उनकी बैकुंठी यात्रा उनके हीरामोती लाईन स्थित निवास स्थान से निकाली गई जिसामें काफी संख्या में उनके इष्टजन तथा सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। उनके निधन पर सकल जैन संघ के अध्यक्षा मनोज बैद,भूतपूर्व अध्यक्ष नरेश डाकलिया,विनेश चोपडा,भूतपूर्व अध्यक्ष मदन चोपडा,भूतपूर्व महापौर अजीत जैन आदि ने गहन शोक व्यक्त करते हुए वीर प्रभु से दिवंगत आत्मा की सद्गति हेतु प्रार्थना की।



## महापौर ने की राजस्व विभाग की समीक्षा-माह अंत तक अधिक से अधिक वसूली के दिये निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगाव टाइम्स )।** महापौर श्री मधुसूदन यादव ने आज निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा एवं आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा की उपस्थिति में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में कुल डिमाण्ड की जानकारी लेकर वित्तीय वर्ष समाप्ति के माह अंत तक अधिक से अधिक वसूली करने के निर्देश दिये। उन्होंने करदाताओ से अपने बकाया करो का भुगतान करने अपील की।

बैठक के पूर्व में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने इस वित्तीय वर्ष के डिमाण्ड के एवं वसूली के संबंध में महापौर को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष मे कुल मांग 24.50 करोड के विरूद्ध अब तक 16 करोड रूपये की वसूली प्राप्त हुई है। इस बार सम्पत्तियों का कर निर्धारण हेतु घर घर जाकर माप कर भौतिक सत्यापन किया गया तथा स्व विवरणी भी भराई गई है, जिससे डिमाण्ड में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन एवं पिछडा वर्ग सर्वे आदि में ड्यूटी लगने के कारण वसूली भी प्रभावित हुई है। वसूली के लिये समय समय पर बैठक लेकर तथा उपायुक्त श्री मोबिन अली द्वारा भी समीक्षा कर वसूली बढ़ाने निर्देशित किया जा रहा था। साथ ही क्यू.आर. कोड के माध्यम से भी वसूली की जा रही है, जिसका करदाता लाभ उठा रहे है। महापौर श्री यादव ने कहा कि राजस्व विभाग नगर निगम की रीड की हड्डी होती है, आप लोगो के वसूली पर ही



वेतन तथा निगम का व्यय आदि का भुगतान किया जाता है। कुल डिमाण्ड के विरूद्ध वसूली कम है और वसूली के लिये समय भी कम है। सभी कर्मचारी माह के शेष दिनों में अच्छी मेहनत करे और अधिक से अधिक वसूली लावे। उन्होंने कहा कि 10 हजार से अधिक बकाया के करदाताओ की वसूली के लिये टीम बनकार घर घर जाकर वसूली करना सुनिश्चित करे। शासकीय एवं निजी कालोनियों में भी डिमाण्ड देकर वसूली करने कहा। उन्होंने कर्मचारियों से वसूली में आ रही कठिनाई के संबंध में जानकारी ली। वसूलीकर्ताओ ने बताया कि बडे बकायादारों को बार बार नोटिस दिया जा रहा है, फिर भी करो का भुगतान नहीं कर रहे है, ग्रामीण वार्डो में वसूली नही हो पा रही है। महापौर श्री यादव ने कहा कि बड़े बकायादारों से सम्पर्क करे, उन्हें समझाये कि अपने बकाया करो का भुगतान करे, वरना अधिभार बढ़ते जायेगा। उन्होंने दुकानो की वसूली की जानकारी लेकर कहा कि जिनका प्रीमियम बकाया है,उनसे प्रीमियम की राशि ले, जिनका अनुबंध नही हुआ है, उनका अनुबंध कराकर किराया चालू करे। उन्होंने शनिवार एवं रविवार अवकाश के दिनों में भी घर घर जाकर एवं कार्यालय में वसूली करने कहा। सहायक राजस्व अधिकारियों व राजस्व निरीक्षक से कहा कि वे प्रतिदिन वसूली की जानकारी लेवे तथा राजस्व उप निरीक्षक भी टीम के साथ जाकर वसूली करना सुनिश्चित करे। महापौर श्री यादव ने कहा कि नव निर्मित कालोनियो में भी जाकर डिमाण्ड तैयर कर वसूली करे, भवन नजूल विभाग से नये कालोनियो व मकानो की जानकारी लेकर डिमाण्ड तैयार कर वसूली करे।

इसी प्रकार नये नल कनेक्शन की जानकारी जल विभाग से लेवे व डिमाण्ड मे चढा वसूली करे। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति का अंतिम माह है, जिसे ध्यान में रखकर शासन लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक वसूली किया जाना है, इसलिये सभी जी जान लगाकर वसूली करना सुनिश्चित करे, वसूली में किसी प्रकार की कोताही बर्दास्त नहीं की जायेगी। महापौर श्री यादव ने सभी बकायादारों से अपील करते हुये कहा है कि अपने सभी बकाया करों का भुगतान कर अधिभार से बचे और नगर विकास में सहयोग करे। बैठक में उपायुक्त श्री मोबिन अली सहित सहायक राजस्व अधिकारी श्री जगीनराम चंद्रवंशी,प्र.सहायक राजस्व अधिकारी श्री अशोक चौबे सहित राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने अनेक कार्यों की स्वीकृति दी



**डोंगरगांव ( नांदगाव टाइम्स )।** 18 मार्च मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी के नेतृत्व नगर के सभी पार्षद जिलाधीश संजय अग्रवाल से मिलकर नगर के पेयजल समस्या के निवारण हेतु मटिया दर्री एनीकेट के गेट को बंद कर जल भराव करके जल आवर्धन योजना से पेयजल आपूर्ति प्रारंभ करने, पुराने बस स्टैंड स्थित टूट चुके यात्री प्रतीक्षालय के निर्माण , कंडम हो गए फायर ब्रिगेड के मरम्मत, पेयजल हेतु बोर खनन, तथा संजय तालाब के गहरीकरण कार्य को जिले के विभिन्न मद से कराए जाने का ज्ञापन और मांग पत्र सौंपा जिस पर कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अनेक कार्यों की त्वरित स्वीकृति हेतु सहमति प्रदान कर 19 मार्च बुधवार को सुबह विभिन्न विभाग के अधिकारियों को डोंगरगांव जाकर अन्य समस्याओं के समाधान करने हेतु आदेशित किया। बता दे की नगर में इन दिनों पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। वही बीते 3 वर्ष से यहां साढ़े 12 करोड़ की लागत से बने जल आवर्धन योजना पानी के अभाव में ध्वस्त होने लगी है। इसी प्रकार नगर के यात्री प्रतीक्षालय को भी सड़क निर्माण के नाम पर तोड़ दिया गया था जिसके अब निर्माण की मांग नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी एवं उनके सहयोगी ने की है। वही नगर का फायर ब्रिगेड भी दम तोड़ चुका है जिससे नगर सहित आसपास के अचल तथा मोहला मानपुर जिले तक अग्नि शमन के लिए उपयोग होता था। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने भी उक्त फायर ब्रिगेड के मरम्मत की स्वीकृति प्रदान की है।इस दौरान पाषर्दगण मनबोधी पटेल पुरुषोत्तम साहू पद्मिनी ठाकुर लीलाधर मंडलोई दुर्गेश रामटेके राजा जैन, निर्मला मालेकर कोमल साहू प्रियंक जैन, सद्दाम खत्री गीता सलामे व अन्य उपस्थित थे।


**नाम परिवर्तन**

मै श्रेयस भैया आ. श्याम सुन्दर भैया, उम्र 44 वर्ष, जाति-माहेश्वरी, निवासी-गांधीवार्ड नं. 16, डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) में उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं मेरी नाबालिक पुत्री रिआ भैया के जन्म प्रमाण पत्र में स्नेहवश रिआ भैया दर्ज करवाया गया था एवं उसके शैक्षणिक अभिलेख एवं आधार कार्ड में रिआ भैया है। जिसे परिवर्तीत कराकर रिआ माहेश्वरी (Rhea Maheshwari) किया जावे व मेरी नाबालिक पुत्री को वर्तमान में रिआ भैया के नाम से जाना एवं पहचाना जाता है तथा भविष्य में रिआ माहेश्वरी (Rhea Maheshwari) के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**सूचना जाने!**

**भवदीय**
**श्रेयस भैया**

**नाम परिवर्तन**

मै श्रेयस भैया आ. श्याम सुन्दर भैया, उम्र 44 वर्ष, जाति-माहेश्वरी, निवासी-गांधीवार्ड नं. 16, डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) मेंउपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं। मेरी नाबालिक पुत्री राधिमा भैया के जन्म प्रमाण पत्र में स्नेहवश राधिमा भैया दर्ज करवाया गया था एवं उसके शैक्षणिक अभिलेख एवं आधार कार्ड में रूही भैया है। जिसे परिवर्तीत कराकर रूही माहेश्वरी (Ruhi Maheshwari) किया जावे व मेरी नाबालिक पुत्री को भविष्य में रूही माहेश्वरी (Ruhi Maheshwari) के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**सूचना जाने**

**भवदीय**
**श्रेयस भैया**

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदानङ्कगण्डई (छ0ग0)**

// उद्घोषणा //

रा.प्र.क्र- 202503291500005
शीर्ष - अ-6 वर्ष 2024-25
क्रमांक / 582/ वा. नजूल / 2025
खैरागढ़, दिनांक 17/03/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती मलिना सरकार पति स्व. रमानंद सरकार एवं अन्य निवासी किल्लापारा वार्ड क्रमांक-11 खैरागढ़ जिला के0सी0जी0 द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला किल्लापारा, ब्लाक नं. 09, स्थित भूखण्ड कमांक 138/3 रकबा 450 वर्गफूट भूमि खातेदार डॉ0 रामानंद सरकार आ0 भीखमचंद सरकार के नाम पर दर्ज है। खातेदार की मृत्यु दिनांक 30.06.2018 को हो जाने के कारण उक्त वादभूमि संबंधी अभिलेख पर उनका नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वाद भूमि संबंधी रिकार्ड पर मृतक के विधिक वारिसानों के नाम पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति/आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17-03-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी**
**खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई**

**न्यायालय तहसीलदार खैरागढ़ जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

-:: ईश्तहार::-

रा.प्र.क्र. 202503290200002
अ/19 (3) वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा ग्राम खम्हरियाखुर्द प.ह.न. 32 तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के द्वारा आवेदक राजू लाल यादव अध्यक्ष श्री महावीर सेवा समिति खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई द्वारा ग्राम खम्हरियाखुर्द प.ह.न. 32 तहसील खैरागढ़ स्थित शासकीय भूमि ख.न. 4/4 रकबा 0.251 हे. एंव खसरा नं. 25 रकबा 0.040 हे. भूमि को श्री महावीर सेवा समिति खैरागढ़ के नाम पर आबंटन किये जाने हेतु प्रकरण इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु प्राप्त हुआ हैं।

अतएव ग्राम खम्हरियाखुर्द प.ह.न. 32 तहसील खैरागढ़ स्थित शासकीय भूमि ख. न. 4/4 रकबा 0.251 हे. एंव खसरा नं. 25 रकबा 0.040 हे. भूमि को श्री महावीर सेवा समिति खैरागढ़ के नाम पर आबंटन किये जाने में जिस किसी को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे पेशी दिनांक 27/03/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत कालावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 12/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक - 12/03/2025**
**सुनवाई दिनांक - 27/03/2025**

सील

**तहसीलदार,**
**खैरागढ़ (छ.ग.)**

nandgaon times march-19-4.qxd 3/18/2025 11:56 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) कौन-सी फिल्म अंतरिक्ष में शूट की जाने वाली पहली फीचर फिल्म है?*
*2) भूमि मापने के लिए दिल्ली सल्तनत काल में किस मापक को प्रयोग में लाया जाता था?*
*3) भारत का पहला कंप्यूटर कहाँ स्थापित किया गया था?*
*4) केण्डुली उत्सव किस राज्य में आयोजित किया जाता है?*
*5) भारत के पहले टेस्ट ट्यूब जन्में भैंस बछड़े का नाम क्या है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) द चैलेन्ज (2) मसाहत (3) भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कलकत्ता (4) पश्चिम बंगाल (5) बन्नी

## सूचना का अधिकार अधिनियम के संबंध में प्रशिक्षण कार्यशाला

**राजनांदगांव (नांदगाव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग रायपुर के निर्देशानुसार सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रभावी क्रियान्वयन में आने वाली समस्या एवं शासन द्वारा जारी पोर्टल के संबंध में 19 मार्च 2025 को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी विभागों के प्रथम अपीलीय अधिकारियों व जनसूचना अधिकारियों का जिला स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

## दिग्विजय स्टेडियम में क्रिकेट स्पर्धा

**शुरुआती झटकों के बाद बिलासपुर संभला**

**राजनांदगांव (नांदगाव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संचालित सीनियर ग्रुप की अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा मैच स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में बिलासपुर ब्लू एवं बीएसपी भिलाई के मध्य प्रारंभ हुआ। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा आयोजित इस चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में टॉस जीतकर बिलासपुर ने बल्लेबाजी करने का निश्चय किया परंतु उनका यह निर्णय टीम पर भारी पड़ने लगा। बीएसपी भिलाई के गेंदबाजों की सटीक गेंदबाजी के सामने बिलासपुर के बल्लेबाज विकेट में टिक नहीं पाए और पहले दिन का खेल समाप्त होने पर 215 रनों पर अपने 8 विकेट गंवा चुकें है। एक समय बिलासपुर ने सात विकेट खोकर 80 रन ही बनाये थे तब लगने लगा था कि बिलासपुर की पूरी टीम 100 रनों के आसपास खत्म हो जाएगी परंतु उसके निचले क्रम के बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी भरी बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर की टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। बिलासपुर की तरफ से इम्तियाज़ खान ने सर्वाधिक 45 रन बनाए वहीं श्रेयम सुंदरम एवं दीपक बघेल क्रमश: 43 एवं 40 रन बनाकर मैदान में डटे हुए हैं। गेंदबाजों के अनुकूल इस विकेट में बिलासपुर के बल्लेबाजों ने काफी संभल कर खेलते हुए दिन समाप्त होने तक धीमे 215 रन ही बनाये? मैच के दूसरे दिन बिलासपुर की पूरी टीम 263 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। वहीं बल्लेबाजी करने उतरी बीएसपी टीम के खिलाड़ी भी बिलासपुर की धारदार गेंदबाजी के सामने मात्र 170 रन बनाकर ऑल आउट हो गये। बल्लेबाजी में अच्छे प्रदर्शन के पश्चात बिलासपुर के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी कर बिलासपुर को वापस मैच में ला लिया। बिलासपुर की तरफसे श्रेयम सुंदरम ने तीन विकेट लिए वही परिवेश धर, प्रवीण यादव एवं इम्तियाज़ खान तीनों ने ही दो-दो विकेट लिए। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी बिलासपुर की टीम दिन समाप्ति तक नौ रनों पर ही एक विकेट गंवाकर एक बड़ी लीड की तरफ जाना चाहिए।



इस महत्वपूर्ण मैच हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने अजय तिवारी को आब्जर्वर नियुक्त किया है, वहीं मोहन दास चयनकर्ता के रूप में मैदान में उपस्थित है। उपरोक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

# खनिज क्षेत्र में पारदर्शिता और नवाचार का नया अध्याय : खनिज प्रबंधन में डिजिटल युग की नई शुरुआत

**2024-25 में अप्रैल से फरवरी तक 11,581 करोड़ रुपये का खनिज राजस्व अर्जित, 44 खनिज ब्लॉकों की सफलतापूर्वक ई-नीलामी: देश में पहली बार खनिज लिथियम ब्लॉक की सफलतापूर्वक नीलामी**

**रायपुर (नांदगाव टाइम्स)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पारदर्शी खनन नीति, ई-नीलामी, डिजिटल निगरानी और पर्यावरण-संवेदनशील खनन रणनीतियों को अपनाकर प्रदेश के आर्थिक और औद्योगिक विकास को नए आयाम दिए हैं।

खनिज संसाधनों के सुव्यवस्थित उत्खनन के चलते बीते वर्षों में छत्तीसगढ़ के खनिज राजस्व में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य के गठन के समय की तुलना में खनिज राजस्व में 30 गुना वृद्धि हुई है, जो 2023-24 में 13,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया और 2024-25 में अप्रैल से फरवरी तक ही 11,581 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया जा चुका है। यह पारदर्शी खनन नीति और प्रभावी प्रशासन का परिणाम है। अब तक 44 खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी सफलतापूर्वक की जा चुकी है, जिसमें अब तक चूना पत्थर के 14, लौह अयस्क के 9, बॉक्साइट के 11, स्वर्ण के 3, निकल, क्रोमियम के 2, ग्रेफाइट के 2, ग्लूकोनाइट के 2 और लिथियम के 1 खनिज ब्लाक की निलामी की गई है।

**प्रदेश में अब तक 10 क्रिटिकल एवं डीप सीटेड मिनरल्स ब्लॉक्स की सफलतापूर्वक नीलामी**

भारत सरकार द्वारा देश के आर्थिक एवं सामरिक विकास को ध्यान में रखते हुए क्रिटिकल एवं सामरिक महत्व के खनिजों के लिए राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन की घोषणा जनवरी, 2025 में की गई है। इस के अनुरूप प्रदेश में विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 से ही क्रिटिकल एवं सामरिक महत्व के खनिजों के अन्वेषण / खोज पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसके तहत 56 अन्वेषण परियोजनाओं में से 31 परियोजनाओं अंतर्गत क्रिटिकल एवं डीप सीटेड मिनरल्स पर कार्य किये जा रहे है।

प्रदेश में अब तक 10 क्रिटिकल एवं डीप सीटेड मिनरल्स ब्लॉक्स जिसमें लिथियम का 1, स्वर्ण का 3, निकल, क्रोमियम का 2, ग्रेफाइट का 2 ग्लूकोनाइट के 2 मिनरल ब्लॉक की नीलामी की गई है। देश में पहली बार खनिज लिथियम ब्लॉक की सफलतापूर्वक नीलामी की कार्यवाही भारत सरकार द्वारा की गई है जिसके तहत् जिला कोरबा के कटघोरा लिथियम ब्लॉक को मेसर्स साउथ मायकी मायनिंग कंपनी को 76 प्रतिशत प्रीमियम राशि पर आबंटित किया गया है। राज्य के सुकमा एवं कोरबा जिले में भी लिथियम अन्वेषण कार्य किया जा रहा है जिसमें



लिथियम के भण्डार पाये जाने की पूर्ण संभावना है।

**बैलाडीला लौह अयस्क: भारत के खनन क्षेत्र का मजबूत स्तंभ**

बैलाडीला क्षेत्र भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क भंडारों में से एक है। यहां तीन नए लौह अयस्क ब्लॉकों की ई-नीलामी प्रक्रिया जारी है, जिसे मार्च 2025 तक पूरा किया जाएगा। इसके अलावा कांकेर जिले के हाहालद्दी लौह अयस्क खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है।

**पर्यावरण संतुलन और पारदर्शी निगरानी प्रणाली**

पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए खनन क्षेत्र को अधिक पारदर्शी और वैज्ञानिक रूप से संचालित करने के लिए सरकार ने कई नई पहल की हैं। सेटेलाइट इमेजरी और माइनिंग सर्विलियेंस सिस्टम के माध्यम से अवैध खनन की निगरानी की जा रही है। गौण खनिज खानों में सुव्यवस्थित और वैज्ञानिक पद्धति से खनन को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। राज्य सरकार बेहतर कार्य करने वाले पट्टेधारियों को च्स्टार रेटिंगज् प्रणाली के तहत प्रोत्साहित कर रही है।

**खनिज राजस्व से सामाजिक विकास और बुनियादी सुविधाओं में निवेश**

खनिज राजस्व का एक बड़ा हिस्सा प्रदेश के सामाजिक विकास में निवेश किया जा रहा है। जिला खनिज संस्थान न्यास के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 1,673 करोड़ रुपये की निधि प्राप्त हुई है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और कौशल विकास सहित 9,362 विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। इससे खनन प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में महत्वपूर्ण सुधार हो रहा है।

**खनिज अन्वेषण कार्यों का विस्तार और नई परियोजनाएँ**

राज्य सरकार ने चूना पत्थर, बॉक्साइट, लौह अयस्क और ग्रेफाइट सहित कुल 13 खनिज परियोजनाओं में अन्वेषण कार्य शुरू किया है। प्रारंभिक सर्वेक्षणों में चूना पत्थर के 283 मिलियन टन, लौह अयस्क के 67 मिलियन टन और बॉक्साइट के 3 लाख टन भंडार का अनुमान लगाया गया है। स्वर्ण, ग्रेफाइट और ग्लूकोनाइट जैसे खनिजों की खोज भी की जा रही है, जिससे राज्य के खनन क्षेत्र को और मजबूती मिलेगी। इसके अलावा, सूरजपुर जिले के जाजावल क्षेत्र में यूरेनियम ब्लॉक के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। कोल बेड मीथेन पूर्ववर्ती कोरिया जिले में वेदांता लिमि. एवं ऑईलमैक्स को पेट्रोलियम अन्वेषण लायसेंस स्वीकृत किया गया है। मैंगनीज ओर इंडिया लि. (मोईल) द्वारा सीएमडीसी के साथ प्रदेश में प्रथम बार बलरामपुर क्षेत्र में खनिज मैगनीज का भंडार चिन्हित किया गया है।

मुख्य खनिजों के लिए अन्वेषण हेतु केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट की स्थापना की गई है। इसी तर्ज पर खनिज विभाग द्वारा राज्य के गौण खनिजों के व्यवस्थित विकास एवं अन्वेषण के लिए राज्य खनिज अन्वेषण ट्रस्ट की स्थापना की योजना पर कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से छत्तीसगढ़ देश के समृद्ध राज्यों में से एक है। कोयला, लौह अयस्क, चूना पत्थर, बॉक्साइट, स्वर्ण, निकल, क्रोमियम और प्लेटिनम समूह के तत्व सहित कुल 28 प्रकार के खनिजों की प्रचुरता ने इस राज्य को देश के खनन क्षेत्र में एक अग्रणी भूमिका में ला खड़ा किया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की पारदर्शी नीतियों, सतत विकास की रणनीतियों और कुशल प्रशासनिक प्रयासों के चलते छत्तीसगढ़ भारत के अग्रणी औद्योगिक और आर्थिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। खनिज संपदा के माध्यम से प्रदेश न केवल आर्थिक मजबूती प्राप्त कर रहा है, बल्कि हरित और सतत विकास की दिशा में भी अग्रसर हो रहा है। आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ अपनी समृद्ध खनिज संपदा और रणनीतिक पहल के साथ भारत के माइनिंग हब के रूप में अपनी पहचान और अधिक सशक्त करेगा।

# सांसद संतोष पांडे के अथक प्रयास से रेल बजट में 6925 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है



**राजनांदगांव (नांदगाव टाइम्स)।** संसदीय क्षेत्र सांसद माननीय श्री संतोष पांडे जी ने आज संसद भवन सदन में कहा कि महोदय, छत्तीसगढ़ राज्य का ज्यादातर हिस्सा दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे जोन के अंतर्गत आता है, एंव राज्य का दक्षिणी हिस्सा बस्तर क्षेत्र ईस्ट कोस्ट रेल्वे जोन के अंतर्गत आता है। जिस हेतु वर्तमान रेल बजट मे 6925 करोड़ रू. का प्रावधान किया गया है।

माानीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा फरवरी 2024 में छत्तीसगढ़ राज्य हेतु 41,000 करोड़ रुपए से अधिक की लगभग 2 हजार रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया, जिसमे छत्तीसगढ़ को लगभग 2700 करोड़ रुपए की लागत से अमृत भारत स्टेशन का शिलान्यास तथा रोड ओवरब्रिज और रोड अंडरब्रिज का शिलान्यास के कार्य शामिल थे। अमृत भारत स्टेशन योजना मे छत्तीसगढ़ मे मेरे संसदीय क्षेत्र के राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ सहित कोरबा, रायगढ़, सरोना, भाटापारा, भिलाईनगर, हथबंध, बिल्हा, बैकुंठपुर रोड, अम्बिकापुर, उसलापुर, पेंड्रा रोड, जांजगीर नैला, चांपा, बाराद्वार, दल्लीराजहरा, भानुप्रतापपुर, निपनिया, मंदिरहसौद एवं भिलाई स्टेशन सहित कुल 21 स्टेशन शामिल हैं जिनका एयरपोर्ट की तर्ज पर कायाकल्प का कार्य प्रगति पर है। कुल स्थानों पर 50 प्रतिशत से भी अधिक के कार्य पूर्ण हो चुके है।राज्य की पांच प्रमुख रेल परियोजनाओं धर्मजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा नई लाइन परियोजना, अंबिकापुर-बरवाडीह नई लाइन परियोजना, खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन परियोजना, डोंगरगढ़-कटघोरा नई रेल लाईन और रावघाट जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना को जल्द शुरूवात करने की परियोजनाओं पर भी कार्य किया जा रहा है। महोदय बताना चाहूंगा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर जोन ने माल लदान के क्षेत्र मे रिकार्ड की दर्ज किया, पूरे देश मे सर्वाधिक लदान और आय अर्जित करने के मामले में लंबे समय तक नंबर वन रहा है. देश में औद्योगिक संरचना एवं उनके विकास के लिए कच्चे माल, अयस्कों एवं तापघरों के लिए कोयला पहुंचाने में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे निरंतर रूप से कार्यरत है, ताकि देश में औद्योगिक उत्पादन सुचारु रूप से चलता रहे एवं जनमानस को भी आवश्यकता की पूर्ति हो सके । उल्लेखनीय है कि पूरे देश के पावरहाऊस, उद्योगों / कारखानों को कोयला, लौह अयस्क, सीमेंट, उर्वरक, मैंगनीज इत्यादि सामाग्री पहुंचाने में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।'दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में सिर्फ316 दिनों (10. 02.2025 तक) में ही 25000 करोड से अधिक आय मालभाडा से अर्जित कर कीर्तिमान कर अपने पहले स्थान को कायम रखा। पिछले तीन लगातार वित्तीय वर्षों से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे 25000 करोड से अधिक की मालभाडा आय अर्जित करने वाला रेलवे है। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 19 दिन पहले और 2022-23 की तुलना में 31 दिन पहले ही यह उपलब्धि हासिल कर ली है। जो कि अन्य रेलवे की तुलना में रू.1587 करोड के वृद्धि के साथ सर्वाधिक वृद्धि करने वाला रेलवे जोन है। पूरे भारतीय रेलवे के मालभाडा आय में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का योगदान 17.20 प्रतिशत योगदान है। महोदय जी, मेरा संसदीय क्षेत्र दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के नागपुर मंडल के अधीन आता है। जिसमे बोरतलाव से लेकर परमालकसा तक का क्षेत्र राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पडता है। जिसमे दो प्रमुख स्टेशन डोंगरगढ़ व राजनांदगांव शामिल है। दोनो ही स्टेशनों को अमृत स्टेशन योजना में शामिल किया गया है, जिसमे डोंगरगढ़ हेतु 13 करोड रू. और राजनांदगांव हेतु 14 करोड़ रू से विकास के कार्य हो रहे है। कार्य लगभग 70 प्रतिशत पूर्ण भी किए जा चुके है। संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव कमे 05 फुट ओवर ब्रिज (बांकल, परमालकसा, जटकन्हार, बोरतलाव, राजनांदगांव) मे निर्माण किया जा चुका है। डोंगरगढ़ में नए प्लेटफार्म का निर्माण कार्य किया जा चुका है। राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ दोनो ही स्टेशनों में यात्रियों की सुविधा हेतु प्लेटफार्म पर लिफ्ट लगाए जा चुके है। एक देश एक उत्पाद के सेंटर दोनो ही स्टेशनों पर संचालित है। साथ ही 06 स्टेशनों (मुडीपार, मुसरा, जटकन्हार, पनियाजोब, बोरतलाव, बांकल) मे प्लेट फार्म की उंचाई को बढ़ाने का भी किया गया है। राजनांदगांव से नागपुर के मध्य तीसरी लाईन कुल 3544 करोड की लागत से निर्माण कार्य जारी है। कुल 228 कि.मी. में से 186 कि.मी. का कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ राजनांदगांव से डोंगरगढ़ के मध्य 328 करोड की लागत से चौथी लाईन निर्माण का कार्य प्रगति पर है।साथ ही डोंगरगढ़ से कटघोरा तक नए रेल लाईन, गढ़चिरौली से भानुप्रतापपुर नई रेल, दुर्ग से राजनांदगांव चौथी रेल लाईन, डोंगरगढ़ से गोंदिया चौथी रेल लाईन बनाए जाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जा चुका है। साथ ही मुडीपार-बघेरा रोड, मुसरा-हल्दी रोड, बरगा-धनगांव रोड, धनगांव-बांकल रोड, भनपुरी, नागतराई अछोली रोड, अलीवारा, डुंडेरा रोड, जोरातराई-मुडीपार रोड और चिद्दो रोड पर ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जारी है। कुछ जगहो पर 60 प्रतिशत से अधिक के कार्य किए जा चुके है। झिटिया, कल्याणपुर रोड, अंडी रोड, एवं राजनांदगांव नगर के स्टेशन पारा और गौरी नगर पर अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य जारी है।

# अंतर्राष्ट्रीय होली मिलन एवं कवि सम्मेलन का रंगारंग कार्यक्रम



**डोंगरगांव (नांदगाव टाइम्स)।** आराधना अंतर्राष्ट्रीय छंद शाला एवं साहित्य समूह डोंगरगाँव छत्तीसगढ़ के द्वारा आन लाइन आभासी अंतर्राष्ट्रीय होली मिलन एवं कवि सम्मेलन का रंगारंग कार्यक्रम संस्था के संस्थापक, संयोजक एवं संचालक डॉ. गजेन्द्र हरिहारनो 'दीप' के संयोजन में संपन्न हुआ।इस आयोजन में देश - विदेश से लगभग 70 साहित्यकारों ने अपनी प्रस्तुतियाँ देते हुए लोगों को काव्य के रंग से सराबोर किया। कार्यक्रम को यू ट्यूब पर भी लाइव प्रसारित किया गया। इस आन लाइन होली मिलन एवं कवि सम्मेलन की मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्य साधिका एवं ज्योतिष विद डॉ. गीता शर्मा (कांकेर छत्तीसगढ़) थीं। अध्यक्षता डॉ. चंदा गुप्ता 'नेह' ( मॉरीशस ) ने किया। सरस्वती वंदना भवानी शंकर कुमावत 'भावुक' जयपुर राजस्थान ने प्रस्तुत किया। लगभग 6 घंटे चले इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. गजेन्द्र हरिहारनो 'दीप'(डोंगरगाँव), रेखा कापसे 'कुमुद'( नर्मदापुरम मध्य प्रदेश) तथा सिद्धेश्वरी सराफ 'शीलू'( जबलपुर) ने किया। स्वागत संबोधन डॉ मीरा आर्ची चौहान (कांकेर) व आभार ज्ञापन अखिलेश्वर मिश्रा 'जनता ( पिनकापार बालोद) ने किया। यू ट्यूब के माध्यम से अनेकों काव्य प्रेमियों न इस आयोजन का लुत्फ उठाया।

## धर्म समाचार....

# रंग पंचमी पर करें इन मंत्रों का जप, सभी दुख होंगे दूर, वैवाहिक जीवन होगा खुशहाल

पंचांग के अनुसार हर साल चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि पर रंग पंचमी का पर्व मनाया जाता है। इस बार रंग पंचमी 19 मार्च को है। इस खास अवसर पर भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी की पूजा-अर्चना करने का विधान है। ऐसे में आइए जानते हैं कि रंग पंचमी के दिन भगवान श्री कृष्ण को कैसे करें प्रसन्न? चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि यानी रंग पंचमी का दिन भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी की कृपा प्राप्त करने के लिए बेहद खास माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इसी दिन भगवान कृष्ण और राधा रानी ने होली खेली थी। इसलिए रंग पंचमी के दिन भगवान कृष्ण और राधा रानी की पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व है। ऐसे में आप इस दिन पूजा के दौरान भगवान कृष्ण के 108 नामों का मंत्र जप करें। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इन नामों का जप करने से जीवन के सभी दुख और संकट दूर होते हैं। साथ ही सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है।

**ऐसे करें भगवान कृष्ण को प्रसन्न**

अगर आप भगवान कृष्ण को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो रंग पंचमी के दिन भगवान कृष्ण और राधा रानी को गुलाल लगाएं। साथ ही सच्चे मन से आरती कर भोग लगाएं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस उपाय को करने से साधक को पूजा का पूरा फल मिलता है। साथ ही वैवाहिक जीवन




खुशियों से भरा रहता है।

**भगवान श्रीकृष्ण के 108 नाम**

? कृष्णाय नमः, ? कमलनाथाय नमः, ? वासुदेवाय नमः सनातनाय नमः, वसुदेवात्मजाय नमः, पुण्याय नमः, लीलामानुष विग्रहाय नमः, श्रीवत्सकौस्तुभधराय नमः, यशोदावत्सलाय नमः, हरिये नमः, चतुर्भुजात्तचक्रासिगदा नमः, सङ्खाम्बुजायुदायुजाय नमः, देवकीनन्दनाय नमः, श्रीशाय नमः, नन्दगोपप्रियात्मजाय नमः, यमुना वेगासंहारिणे नमः, बलभद्रप्रियनुजाय नमः, पूतनाजीवितहराय नमः, शकटासुरभञ्जनाय नमः, नन्दव्रजजनानन्दिने नमः, सच्चिदानन्दविग्रहाय नमः, नवनीतविलिप्ताङ्गाय नमः, नवनीतनटनाय नमः, मुचुकुन्दप्रसादकाय नमः, षोडशस्त्रीसहस्त्रेशाय नमः, त्रिभङ्गिने नमः, मधुराकृतये नमः, शुकवागमृताब्दीन्दवे नमः, गोविन्दाय नमः:योगिनांपतये नमः, वत्सवाटिचराय नमः, अनन्ताय नमः, धेनुकासुरभञ्जनाय नमः, तृणीकृत तृणावर्ताय नमः, यमलार्जुनभञ्जनाय नमः ,उत्तलोत्तालभेत्रे नमः, तमालश्यामलाकृतिये नमः, गोपगोपीश्वराय नमः, योगिने नमः, कोटिसूर्यसमप्रभाय नमः, इलापतये नमः परंज्योतिषे नमः, यादवेंद्राय नमः, यदूद्वहाय नमः, वनमालिने नमः, पीतवसने नमः, पारिजातापहारकाय नमः, गोवर्थनाचलोद्धर्त्रे नमः गोपालाय नमः सर्वपालकाय नमः, अजाय नमः, निरञ्जनाय नमः, कामजनकाय नमः, कञ्जलोचनाय नमः, मधुघ्ने नमः, मथुरानाथाय नमः द्वारकानायकाय नमः, बलिने नमः, बृन्दावनान्त सञ्चारिणे नमः तुलसीदाम भूषनाय नमः , स्यमन्तकमणेर्हर्त्रे नमः, नरनारयणात्मकाय नमः, कुब्जा कृष्णाम्बरधराय नमः मायिने नमः, परमपुरुषाय नमः, मुष्टिकासुर चाणूर मल्लयुद्ध विशारदाय नमः, संसारवैरिणे नमः, कंसारये नमः मुरारये नमः, नाराकान्तकाय नमः अनादि ब्रह्मचारिणे नमः, कृष्णाव्यसन कर्शकाय नमः, शिशुपालशिरश्छेत्रे नमः , दुर्योधनकुलान्तकाय नमः विदुराक्रूर वरदाय नमः, विश्वरूपप्रदर्शकाय नमः ,सत्यवाचे नमः सत्य सङ्कल्पाय नमः, सत्यभामारताय नमः ,जयिने नमः सुभद्रा पूर्वजाय नमः, विष्णवे नमः, भीष्ममुक्ति प्रदायकाय नमः, जगद्गुरवे नमः , जगन्नाथाय नमः, वेणुनाद विशारदाय नमः, वृषभासुर विध्वंसिने नमः बाणासुर करान्तकाय नमः, युधिष्ठिर प्रतिष्ठात्रे नमः, बर्हिबर्हावतंसकाय नमः, पार्थसारथये नमः, अव्यक्ताय नमः गीतामृत महोदधये नमः कालीय फणिमाणिक्य रञ्जित श्री पदाम्बुजाय नमः दामोदराय नमः यज्ञभोक्त्रे नमः दानवेन्द्र विनाशकाय नमः नारायणाय नमः परब्रह्मणे नमः पन्नगाशन वाहनाय नमः जलक्रीडा समासक्त गोपीवस्त्रापहाराकाय नमः पुण्य श्लोकाय नमः तीर्थकृते नमः वेदवेद्याय नमः दयानिधये नमः सर्वभूतात्मकाय नमः सर्वग्रह रुपिणे नमः परात्पराय नमः।

## चैत्र अमावस्या पर 'ब्रह्म' योग समेत बन रहे हैं कई मंगलकारी संयोग, मिलेगा दोगुना फल




ज्योतिषियों की मानें तो चैत्र अमावस्या के दिन न्याय के देवता शनिदेव कुंभ राशि से निकलकर मीन राशि में गोचर करेंगे। इस दिन से कई राशि के जातकों के अच्छे दिन शुरू होंगे। वहीं मेष राशि के जातकों पर साढ़ेसाती शुरू होगी। वहीं देवगुरु बृहस्पति मई महीने में राशि परिवर्तन करेंगे। अमावस्या तिथि पर बड़ी संख्या में श्रद्धाल गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाते हैं। वैदिक पंचांग गणना के अनुसार, शनिवार 29 मार्च को चैत्र अमावस्या है। चैत्र अमावस्या तिथि पर न्याय के देवता शनिदेव अपनी चाल बदलेंगे। शनिदेव की चाल बदलने से कई राशि के जातक मालामाल होंगे। इस शुभ अवसर पर देवों के देव महादेव की पूजा करने से साधक को अक्षय और अमोघ फल की प्राप्ति होगी। साथ ही सभी प्रकार के बिगड़े काम बन जाएंगे।

ज्योतिषियों की मानें तो चैत्र अमावस्या पर दुर्लभ ब्रह्म योग समेत कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में स्नान-ध्यान कर देवों के देव महादेव एवं शनिदेव की पूजा करने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी। आइए, चैत्र अमावस्या

**चैत्र अमावस्या शुभ मुहूर्त**- वैदिक पंचांग के अनुसार, चैत्र अमावस्या तिथि की शुरुआत 28 मार्च को रात 07 बजकर 55 मिनट पर होगी और 29 मार्च को शाम 04 बजकर 27 मिनट पर समाप्त होगी। उदया तिथि अनुसार, 29 मार्च को चैत्र अमावस्या मनाई जाएगी। साधक स्थानीय ज्योतिष या योग्य पंडित से सलाह लेकर दिन के समय (ग्रहण के बाद) स्नान-ध्यान कर महादेव की पूजा कर सकते हैं।

**चैत्र अमावस्या शुभ योग**- ज्योतिषियों की मानें तो चैत्र अमावस्या पर ब्रह्म योग का निर्माण हो रहा है। ब्रह्म योग का संयोग देर रात 10 बजकर 04 मिनट तक है। इसके बाद इन्द्र योग का संयोग है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# कलेक्टर ने चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित मेले की तैयारी के संबंध में ली बैठक

## मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ आने वाले श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों के लिए लगे सेवा पंडालों में रहे बेहतर व्यवस्था, सेवा पंडालों में पर्याप्त मात्रा में छांव और पेयजल की व्यवस्था रखने कहा

**राजनांदगांव (नांदगाव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 30 मार्च 2025 से प्रारंभ चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित मेले की तैयारी के संबंध में बैठक ली। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ श्री रमन डोंगरे, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थे। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र हैं तथा देश के महत्वपूर्ण धार्मिक तीर्थ स्थलों में से एक है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए आते है। जिले में मां बम्लेश्वरी माता का मंदिर है, यह गौरव की बात है, जिसमें श्रद्धालुओं की सेवा करने अवसर मिलता है। शासन द्वारा डोंगरगढ़ के विकास के लिए लगातर सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में महत्वपूर्ण पर्यटन क्षेत्र में सबसे प्रमुख स्थान डोंगरगढ़ का है। यह महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश राज्य से जुड़े होने के कारण अधिक संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। शासन की ओर से डोंगरगढ़ में पर्यटन के दृष्टिगत अधोसंरचना विकसित करने के लिए विशेष तौर पर कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने डोंगरगढ़ में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित होनी चाहिए। पार्किंग में न्यूनतम पार्किंग दर रखने के लिए सीएमओं डोंगरगढ़ को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मां बम्लेश्वरी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों के लिए बेहतर तरीके से सेवा पंडाल एवं अच्छी व्यवस्था रहे। उन्होंने गर्मी को ध्यान देखते हुए सेवा पंडाल संचालकों को पंडाल में श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं छांव सहित बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने कहा। कलेक्टर ने कहा कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मेले में चाक-



चौबंद व्यवस्था होनी चाहिए। डोंगरगढ़ मंदिर के पास बने कंट्रोल रूम का अच्छे से उपयोग करने कहा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पेयजल की नियमित आपूर्ति करने, चिकित्सा व्यवस्था, विद्युत, साफ-सफाई व्यवस्था, सुरक्षा, बेरिकेटिंग, पार्किंग व्यवस्था, शौचालय तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पदयात्री मार्ग में आवश्यकतानुसार सड़क मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने पदयात्री मार्ग में बंद स्ट्रीट लाईटों की जांच कर चालू करने के निर्देश दिए। उन्होंने पदयात्री मार्ग में आने वाले पंचायतों में शौचालय एवं पर्याप्त मात्रा में पानी की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पदयात्रियों के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्थापित सभी सेवा केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में दवाईयां, पट्टी एवं चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध रहनी चाहिए। पर्याप्त मात्रा में एम्बुलेंस और बाईक एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने ऊपर मंदिर में पर्याप्त मात्रा में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि डोंगरगढ़ आस्था का केन्द्र है। यहां आने वाले श्रद्धालु खुशी-खुशी आए और दर्शन कर सके। इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चैत्र नवरात्रि की शुरूआत रविवार अवकाश के दिन होने के कारण पहले दिन मां बम्लेश्वरी मंदिर दर्शन करने ज्यादा संख्या में श्रद्धालु आने की संभावना है। इसे ध्यान में रखकर सुरक्षा व्यवस्था और पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। इसमें सभी की सहभागिता होनी चाहिए। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ श्री रमन डोंगरे ने चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान डोंगरगढ़ में लगने वाले मेले में श्रद्धालुओं को मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में सुझाव दिया। माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष मां बम्लेश्वरी मंदिर दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। दर्शन करने के लिए नई व्यवस्था के साथ मंदिर दर्शन कराने की कार्ययोजना बनाई जा रही है। जिससे दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की समस्याएं नहीं होगी। दर्शनार्थियों के लिए पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराने की बात कही। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल शर्मा, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्री उमा महेश वर्मा, माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष श्री अनील गट्टानी, ट्रस्टी श्री प्रकाश बिंदल, श्री बबलू शांडिल्य, श्री संजीव गोमास्ता एवं सेवा पंडाल संचालक व संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# दहमी माताजी का तृतीय महोत्सव 23 मार्च को

## मंगलपाठ पोथी का विमोचन , मंगलपाठ एवं चालीसा वाचन होगा, निखिल श्याम की जोड़ी करेगी मंगलपाठ

**राजनांदगांव ( कलयुग का भारत )।** सनातन संस्कृति के अनुसार प्रत्येक परिवार में कुलदेवी की पूजा अर्चना किए जाने की परंपरा है । राजस्थान के बहरोड़ जिले के समीप स्थित दहमी ग्राम में लगभग 700 वर्षों से स्थापित देवी मां का मंदिर दहमी माता मंदिर के नाम से विख्यात है । इसे मनसा माता दहमी वाली के नाम से भी जाना जाता है । दहमी माताजी को कुलदेवी के रूप में पूजने वाले अनेक परिवार राजनांदगांव , दुर्ग , भिलाई , रायपुर , डोंगरगढ़ ,भाटापारा , धमतरी इत्यादि में बसे हुए हैं । संस्कारधानी नगरी में दहमी माताजी को कुलदेवी के रूप में पूजने वाले परिवारों द्वारा पहली बार माताजी के मंगल पाठ की पोथी का विमोचन एवं तृतीय श्री दहमी माताजी महोत्सव का आयोजन 23 मार्च को श्री अग्रसेन भवन में आयोजित किया जा रहा है । कुलदेवी दहमी ( मनसा ) माता परिवार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 23 मार्च दोपहर 03:00 बजे से श्री अग्रसेन भवन में तृतीय दहमी माता महोत्सव के अंतर्गत भव्य मंगल पाठ की पोथी का विमोचन किया जाएगा एवं मंगलपाठ एवं चालीसा का वाचन अंचल के सुप्रसिद्ध भजन गायक निखिल - श्याम की जोड़ी द्वारा किया जाएगा । इस दौरान श्री अग्रसेन भवन में माताजी का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा , छप्पन भोग लगाया जाएगा , मेंहदी एवं चुनरी उत्सव होगा । महोत्सव में दहमी माताजी को कुलदेवी के रूप में पूजने वाले परिवार सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे ।




# ग्राम पंचायत परना के उपसरपंच बने अजय और चरण भूआर्य हुए सरपंच नवनिर्वाचित

## ग्रामीणों का किया आभार व्यक्त

**डोंगरगांव (नांदगाव टाइम्स)।** जनपद पंचायत डोंगरगांव के आश्रित ग्राम पंचायत परना के युवा प्रतिभाशाली व्यक्ति चरण भुआर्य सरपंच पद में नवनिर्वाचित हुए। ग्राम पंचायत परना में सरपंच पद के लिए चार प्रत्याशी चुनावी मैदान में रहे, तथा श्री भुआर्य ने 284 वोट पाकर विजय श्री को हासिल किया । जीत की अधिकृत रूप से घोषणा होने के बाद युवा प्रत्याशी की जीत को सुनकर गांव में हर्ष का माहौल है एवम् साथ ही समर्थको के साथ विजय जुलूस निकाला गया। जिसमे ग्राम के सरपंच , पंचगण सहित सभी ग्राम वासी की गरिमामय उपस्थिति रही और खुशी की लहर के साथ-साथ विकास की उम्मीद भी काफी बना हुआ है। प्राप्त




जानकारी अनुसार 03 मार्च को नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों की शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, इस दरम्यान सभी पंचायत प्रतिनिधियों को स्वच्छता और पंचायती राज अधिनियम की शपथ सचिव द्वारा दिलवाया गया।

सरपंच चुनाव के बाद 8 मार्च को उपसरपंच चुनाव संपन्न हुआ। जिसमे कड़ी टक्कर के बीच अजय कौशिक ने 1 वोट से अपने प्रतिद्वंदी लिलेश्वरी ताराम को हराया और उप सरपंच के पद में जीत दर्ज की।वही नवनिर्वाचित सरपंच और उपसरपंच ने हदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि गांव का विकास करना पहली प्राथमिकता रहेगा। इस दौरान प्रमुख रूप से सचिव दुलेश यादव, प्रधान पाठक देवनाथ रावटे, , महेश सोनवानी , पंचगण क्रमश: ओमप्रकाश भुआर्य , चितेश्वरी जामले, शंकुतला तारम, सुनीता तारम् , गणेशिया यादव , लिलेश्वरी तारम, ओमप्रकाश बेलसरिया , देवकुमारी साहू, अनूपी बाई यारदा सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# विधानसभा घेराव के बाद अनिशिचित कालीन हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिव



**डोंगरगढ़ (नांदगाव टाइम्स)।** विधानसभा घेराव के बाद अपनी माँगो पर अडिग रहते प्रांतीय आव्हान पर डोंगरगढ़ ब्लॉक के समस्त सचिव जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के सामने तंबु तान अनिशिचित कालीन हड़ताल पर बैठ गए है. वहीं पंचायत सचिवों ने बताया कि मोदी गारंटी पुरा नही करनें के कारण 17 मार्च 2025 को विधानसभा घेराव करने के बाद 18 मार्च से जनपद पंचायत मुख्यालय में अनिश्चित कालिन हडताल एवं 1 अप्रैल 2025 को मंत्रालय घेराव किये जाना प्रस्तावित है. वहीं सचिव संघ के द्वारा बताया गया कि विधानसभा चुनाव वर्ष 2023-24 में हुये चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया गया है, 1995 से कार्यरत् पंचायत सचिवों को शासकीयकरण की गारंटी दी गई है। इस संबंध में 07 जुलाई 2024 को इन्डोर स्टेडियम रायपुर के सभागार में मुख्यमंत्री विधानसभा अध्यक्ष उपमुख्यमंत्री मंत्री महिला बाल विकास विभाग तथा घोषणा पत्र के संयोजक सांसद दुर्ग की गरिमामयी उपस्थिति के बीच सभी महानुभवों द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को अति आवश्यक मानतें हुये शीघ्र ही शासकीयकरण करनें का भरोसा देते हुये मुख्यमंत्री द्वारा मोदी की गारंटी को पूरा करने हेतु तत्काल कमेटी गठन करनें की घोषणा करतें हुये शासकीयकरण का भरोसा दिया गया। मुख्यमंत्री के घोषणा अनुरूप 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति गठन कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु उल्लेख किया गया था। उक्त आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है। जिस पर पंचायत सचिवों को पूर्ण आशा एवं विश्वांस था कि रिपोर्ट अनुसार बजट सत्र में शासकीयकरण का सौगात प्रदान किया जायेगा।किन्तु बजट सत्र में नही आने एवं इस विषय पर सरकार द्वारा कोई पहल नही करनें के कारण पुरे प्रदेश के पंचायत सचिव क्षुब्ध एवं आकोशित है। इसलिये प्रदेश पंचायत सचिव संघ के द्वारा दिनांक 10 फरवरी 2025 को धर्मनगरी कवर्धा में बैठक कर निर्णय लिया गया कि 17 मार्च 2025 को प्रदेश के समस्त सचिवों द्वारा विधानसभा घेराव एवं 18 मार्च 2025 से ब्लाक मुख्यालय में अनिश्चित कालिन हडताल तथा 01 अप्रैल 2025 को मंत्रालय घेराव करनें का निर्णय लिया गया।

# अधिकारी कर्मचारी को दी गई समझाईश

**डोंगरगढ़ (नांदगाव टाइम्स)।** नपा के नवनर्वाचित अध्यक्ष रमन डोंगरे के द्वारा 17 मार्च 2025 को



अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक लिया गया। बैठक में नपा उपाध्यक्ष उमा महेश सहित नगरपालिका के पार्षदगण हरीश मोटघरे डी. एकेश राव अनीश निर्मलकर भूपेन्द्र कुमार मरकाम राजेन्द्र सेन श्रीमती मेनका कंडरा एवं चन्द्रकांत शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ की गरिमामयी उपस्थिति में अध्यक्ष के द्वारा अधिकारी/कर्मचारी की बैठक लिया गया। जिसमें मुख्य रूप से सम्पूर्ण शहर की साफ-सफाई एवं मच्छरों से निजात पाने के लिए नालियों में लारवा हीट तथा बिल्चिंग पाउडर का छिड़काव किया जावें। तथा शहर में बिजली, पानी की समुचित व्यवस्था किया जावें। आने वाली भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए पानी की समस्यां से निजात पाने के लिए पानी टेंकरों की व्यवस्था किया जावें। एवं जिन वार्डों में पानी की समस्यां रहती है। उन वार्डों में पानी की सप्लाई पानी टेंकरों के माध्यम से किया जावें। तथा आगामी चैत्र नवरात्रि 2025 हेतु शहर में लाखों की तादात में दर्शनार्थियों एवं आगुन्तकों का आगमन शहर में होगा जिससे शहर में मुख्य रूप से सफाई व्यवस्था एवं पेयजल की व्यवस्था तथा बिजली की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जावें।

## पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**डोंगरगांव (नांदगाव टाइम्स)।** डोंगरगांव विकासखंड के समीपस्थ ग्राम चिरचारीखुर्द में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के मार्गदर्शन में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । 23 मार्च, रविवार को प्रात: 8.00 बजे से देव आह्वान,देव पूजन पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार संपन्न कराया जाएगा तथा शायं काल 4.00बजे से संगीत मय दीप महायज्ञ संपन्न होगा तत्पश्चात विसर्जन एवं टोली की विदाई होगी। कार्यक्रम को लेकर गायत्री परिजन एवं समस्त ग्रामवासी अधिक उत्साहित है।



## एलसीसी व आईसीसी गठित करने के निर्देश

**राजनांदगांव (नांदगाव टाइम्स)।** शासन द्वारा राज्य में महिलाओं का लैंगिक उत्पीडऩ अधिनियम के प्रावधानों के क्रियान्वयन एवं दायित्वों के निर्वाहन के लिए जिला कलेक्टर व अपर कलेक्टर को जिला अधिकारी घोषित किया गया है तथा अधिनियम के क्रियान्वयन हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग को नोडल बनाया गया है।

## ग्रीष्म ऋतु में सुचारू जल आपूर्ति के लिये आयुक्त ने लगायी तकनीकि अधिकारियों की ड्यूटी

**राजनांदगांव (नांदगाव टाइम्स)।** नगर निगम सीमाक्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु में शहर वासियों को सुचारू रूप से जल आपूर्ति किये जाने आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी है। जल प्रदाय विभाग से सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिये प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा मो.नं. 8319731636 को प्रभारी अधिकारी एवं उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे मो.न. 7470547099 व उप अभियंता श्री अशोक देवांगन मो.नं. 8357992380 को सहायक प्रभारी अधिकारी की सम्पूर्ण जिम्मेदारी दी गयी है। साथ ही व्यवस्था में सहयोग करने के लिये फिटर श्री टेमनलाल ठाकुर मो.नं. 9131530588 व प्र.फिटर श्री सोमनाथ यादव मो.नं. 7693047155 के अलावा अन्य कर्मचारियो की ड्यूटी लगायी गयी है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि प्रभारित वार्ड के उप अभियंता अपने अपने वार्डो में पाईप लाईन लिकेज, गंदे पानी की शिकायत, पेयजल आपूर्ति कम होने, नलो में टोटी न होने की शिकायत मिलने पर प्र.सहायक अभियंता व उप अभियंता जल प्रदाय एवं फिटर को तत्काल सूचित कर कार्य पूर्ण करावे। साथ ही शहर में पेयजल के अन्य स्त्रोत जैसे हैण्ड पंप, कुँआ, ट्यूबवेल एवं सिटेक्स टंकी के माध्यम से की जा रही जलापूर्ति का सत्त निगरानी किया जावे। इसके अलावा वार्डो में पानी न मिलने की शिकायत पर फीटर से सम्पर्क कर तत्काल निराकरण करेंगे, ताकि शहर वासियों को शुद्ध पेयजल सुचारू रूप से आपूर्ति की जा सके।

# हत्या के आरोपिया को किया गया गिरफ्तार, सौतेली मां ने किया जवान बेटे का हत्या

## हत्या में प्रयुक्त पत्थर बरामद ,थाना छुरिया पुलिस की कार्यवाही

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** थाना प्रभारी संतोष कुमार भुआर्या ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हत्या का खुलासा किया उन्होंने बताया कि दिनांक 17.03.2025 मोबाइल से छुरिया पुलिस को सूचना मिला कि ग्राम पैरीटोला में योगेन्द्र कंवर पिता गोविंद कंवर उम्र 22 साल साकिन पैरीटोला थाना छुरिया जिला राजनांदगांव अपने घर कमरे के जमीन में मृत हालत में पड़ा हुआ है। सूचना पर घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण पश्चात वरिष्ठ अधिकारियों को हालात से अवगत कराया गया तथा मौके पर एफएस.एल. प्रभारी डॉ0 चिरंजीव चन्द्रा एवं डॉग दुलार को मौका मुआयना हेतु बुलाया गया आरोपी अज्ञात होने से वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आरोपी पतासाजी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग (भा0पु0से0) के मार्ग दर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा एवं प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डोंगरगढ श्री दिलीप सिसोदिया के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक संतोष कुमार भुआर्य एवं हमराह स्टाफ छुरिया के द्वारा बारिकी से घटनास्थल एवं शव निरीक्षण किया गया जो मृतक योगेन्द्र कंवर पिता गोविंद कवंर उम्र 22 साल साकिन पैरीटोला थाना छुरिया जिला राजनांदगांव की मृत्यु सिर एवं सिने में प्राण घातक चोट पहुंचाने से होना पाया गया। परिस्थिति जन्य साक्ष्य एवं संदेह के आधार पर मृतक की सौतेली मां आरोपिया रजनी कंवर उम्र 35 वर्ष से मनोवैज्ञानिक तरीके से गवाहों के समक्ष पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया, आरोपिया द्वारा मृतक योगेन्द्र कंवर द्वारा शराब पीकर अक्सर गाली-गलौज करने से परेशान होकर हत्या करने की नियत से घर में रखे पत्थर से सिने एवं सिर में पटक कर प्राण घातक चोटे पहुंचाकर हत्या करना बतायी। आरोपिया की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 नग पत्थर खून लगा, 01 नग पोछा कपडा खुन लगा एवं 01-01 नग साडी व ब्लाउज खुन लगा मुताबिक जप्ती पत्रक सीलबंद जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपिया के विरुद्ध अपराध धारा घटित करने का पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने एवं अपराध धारा कारित करना स्वीकार करने से विधिवत महिला अधिकारी के समक्ष गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में मर्ग क्रमांक-17/2025 धारा 194 क्हस्स् एवं प्रथम सूचना पत्र क्रमांक-37/2025 धारा 103(1) क्हस् दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक संतोष भुआर्य, निरीक्षक विनय पम्मार, सहायक उपनिरीक्षक ए0पी0शीला, प्रधान आरक्षक शिशुपाल भालाधरे, महिला आरक्षक रामेश्वरी राजपुत, कुसुम एक्का, आरक्षक देवीप्रसाद साहू, फुलेन्द्र राजपुत, अश्वन वर्मा, योगेश साहू एवं थाना स्टाफ छुरिया का विशेष योगदान रहा।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com